RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 05 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 285 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुफ्ती सलमान अजहरी पर भड़काऊ भाषण का आरोप

## गुजरात पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, एटीएस ने ली हिरासत में

**मुंबई।** जरात के जूनागढ़ में हेट स्पीच देने के आरोपी मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया गया है. मौलाना अजहरी को गुजरात एटीएस ने हिरासत में लिया है. मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से हिरासत में लिया है. वहीं जब पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने पहुंची तो उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया. वहीं इसके बाद मौलाना की तरफ से अपने समर्थकों समझाया गया.

दरअसल हेट स्पीच मामले में मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी पर धारा 153अ, 505, 188, 114 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. वहीं इस मामले में गिरफ्तार किए गए मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी ने अपने समर्थकों से विरोध न करने का अनुरोध किया और कहा कि ''न तो मैं अपराधी हूं और न ही किसी अपराध पर मुझे यहां लाया गया है. वे जरूरी जांच कर रहे हैं और मैं मैं भी उनका सहयोग कर रहा हूं और आप भी करिए. अगर मेरे भाग्य में होगा तो मैं गिरफ्तार होने के लिए तैयार हूं, लेकिन आप सब ये जगह खाली कर दीजिए.''




वहीं मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील वाहिद शेख ने कहा, ''मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के घर पर सुबह सिविल ड्रेस में 35-40 पुलिसकर्मी मौजूद आए थे. हमने उनसे उनके आने का मकसद पूछा, लेकिन कुछ भी जानकारी नहीं दी गई. मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी से समन्वय करने के बाद उन्होंने (पुलिस ने) कहा कि गुजरात में 153 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है. मुफ्ती सलमान अजहरी उनके साथ पुलिस स्टेशन आए और सहयोग भी किया लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है. मुफ्ती सलमान कोऑपरेट करने को तैयार हैं लेकिन पुलिस कोई जवाब नहीं दे रही है.''

>> हेट स्पीच मामले में मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी गिरफ्तार,
>> समर्थकों ने किया हंगामा

## कोस्टल रोड का काम अधूरा, चुनाव की वजह से उद्घाटन

### युवा सेना प्रमुख और विधायक आदित्य ठाकरे को आरोप



**मुंबई।** युवा सेना प्रमुख और विधायक आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया कि कोस्टल रोड का काम अभी अधूरा है, लेकिन चुनाव को ध्यान में रखते हुए इसका उद्घाटन किया जा रहा है। बता दें कि आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोस्टल रोड का उद् घाटन करने वाले हैं। वर्ली से मरीन ड्राइव तक 9 किमी लंबे कोस्टल रोड के एक हिस्से का उद्घाटन करने के साथ पीएम पश्चिम और पूर्व मुंबई को जोड़ने वाले गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड का भूमिपूजन भी करेंगे।

आदित्य ने कहा कि दिघा रेलवे स्टेशन, अटल सेतु परियोजना पूरी हो गई थी, लेकिन सरकार के पास उद् घाटन का समय नहीं था। कोस्टल रोड का काम अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन चुनाव को ध्यान में रखकर इसका उद्घाटन किया जा रहा है। कोस्टल रोड का काम हमारा है। यह उद्धव ठाकरे का सपना था। हम हर महीने वहां दौरा करते थे। हमारी सरकार रहती तो सारा काम समय पर पूरा हो जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि महालक्ष्मी परियोजना बिल्डरों को मुफ्त एफएसआई के लिए बनाया गया है। हमारे सवाल उठाने पर क्लब हाउस को रद्द किया गया, लेकिन हम बिल्डरों को वहां कार पार्क शुरू नहीं करने देंगे। हम मुंबईकरों का पैसा बर्बाद नहीं होने देंगे, क्योंकि रेसकोर्स का इस्तेमाल आम मुंबईकर योग, सुबह की सैर के लिए करते हैं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या कैबिनेट बैठक में कानून व्यवस्था है? सरकार में विधायक गणपति जुलूस में पिस्तौल निकालते हैं, पुलिस स्टेशनों पर फायरिंग करते हैं और ऐसे विधायकों को सिद्धिविनायक मंदिरों का अध्यक्ष बनाया जाता है।


## वसई में गैस रिसाव से एक ही घर में तीन लोगों की मौत

**वसई** – वसई के मानिकपुर में एक बंद मकान में तीन लोगों की लाशें मिली हैं. घटना का खुलासा रविवार दोपहर को हुआ। पुलिस ने प्रारंभिक संभावना जताई है कि इन तीनों की मौत गैस रिसाव के कारण हुई है। वसई पश्चिम के मानिकपुर इलाके के नौपाड़ा में आशा सदन नाम की दो मंजिला इमारत है। रविवार दोपहर को इस बिल्डिंग के एक घर से गैस की गंध आने लगी। तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, मानिकपुर पुलिस ने जब घर का दरवाजा तोड़ा तो तीन युवकों की लाशें मिलीं, जिनमें से दो की लाशें हॉल में और एक की लाश किचन में मिली. मृतकों में से एक की



पहचान मोहम्मद आजम के रूप में हुई है.मोहम्मद आजम का व्यवसाय फल बेचने का है।सभी मृतकों की उम्र 30 से 35 साल के बीच है।घर में गैस चालू थी। मानिकपुर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजू माने ने बताया कि तीनों की मौत गैस रिसाव के कारण दम घुटने से हुई होगी.हमने घर का पंचनामा कर लिया है. प्रथम दृष्टया कुछ भी संदिग्ध नहीं लग रहा है।

## चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, स्कूल का वाचमैन हुआ गिरफ्तार



**मुंबई** : कांदिवली स्थित समतानागर पुलिस ने एक स्कूल के वाचमैन को छात्रा के साथ बलात्कार करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अदालत में पेशी के बाद उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना दो फरवरी की है जब बच्ची स्कूल में ही थी और उस वाचमैन ने चॉकलेट देने के बहाने बच्ची को बुलाया। उसे बाथरूम में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची जब घर पहुंची तो उसके प्राइवेट पार्ट में इंफेक्शन जैसा दिखा।

## अजित पवार का शरद पवार पर सीधा हमला, कहा-पता नहीं कुछ लोग कब रुकेंगे, चुनाव में करेंगे भावुक अपील

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने एक बार फिर राकांपा अध्यक्ष शरद पवार की उम्र को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि कुछ लोग कब रुकने वाले हैं। यह एक भावुक अपील होगी कि यह उनका (शरद पवार) आखिरी चुनाव होगा। वहीं, शरद पवार गुट ने उप मुख्यमंत्री की टिप्पणियों को अमानवीय करार दिया और उन पर पार्टी के संस्थापक की मौत की दुआ करने का आरोप लगाया। उन्होंने शरद पवार का नाम लिए बिना कहा कि मुझे नहीं पता कि कुछ लोग कब रुकने वाले हैं। यह एक भावुक अपील होगी कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा। पता नहीं आखिरी चुनाव कौन सा होगा। वह पुणे जिले के बारामती में एक सभा में बोल रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने सभा में अपने गुट की आगामी लोकसभा चुनाव की योजना के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि आपने इतने वर्षों तक एक वरिष्ठ (शरद पवार) की बात सुनी। अब मेरी बात सुनिए और उन लोकसभा उम्मीदवार को वोट दीजिए, जिन्हें मैं मैदान में उतारने जा रहा हूं। (जब आप वोट देंगे) तो मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कह सकता हूं कि लोगों ने मेरे उम्मीदवार को वोट दिया है। यह मत भूलिए कि जब आप मुसीबत में थे, तो कौन मदद के लिए आया था।



बारामती विधायक ने सभा में यह भी कहा कि अगर आप अच्छा काम करना चाहते हैं, तो आपको कुछ आलोचना भी स्वीकार करनी चाहिए। अजित पवार ने रविवार को अपने समर्थकों से कहा कि वे उनकी बात को उसी तरह सुनें, जैसे वे पहले किसी वरिष्ठ की बात सुनते थे। अजित पवार पिछले साल जुलाई में शरद पवार की राकांपा से अलग हो गए थे। वह और उनके आठ विधायक एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे।




## संपादकीय / लेख



# गुणात्मक सुधार

**फैसल शेख**
**(प्रधान संपादक)**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट विश्लेषकों को सुखद आश्चर्य में डालते हुए अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटे का अनुमान से कम स्तर प्रस्तुत किया। यह बात खासतौर पर सराहनीय है क्योंकि चालू वर्ष में नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के कमजोर रहने का अनुमान है। सरकार का मानना है कि 2023-24 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.8 फीसदी के स्तर पर सीमित रखा जा सकता है। बजट अनुमान में इसके 5.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया था। इसके अलावा 2021-22 में राजकोषीय घाटे के जीडीपी के 4.5 फीसदी के स्तर से कम करने की घोषणा की गई थी। मध्यम अवधि के इस मार्ग पर कायम रहते हुए सीतारमण ने 2024-25 तक घाटे के जीडीपी के 5.1 फीसदी के स्तर पर रहने का अनुमान जताया है। ऐसी आशंकाएं भी जताई गई थीं कि आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सरकार कुछ लोकलुभावन घोषणाएं कर सकती हैं। सरकार ने ऐसा कुछ न करके सही कदम उठाया है। अगले वित्त वर्ष के अनुमान भी विश्वसनीय नजर आ रहे हैं। वर्ष 2024-25 में नॉमिनल वृद्धि के 10.5 फीसदी रहने का अनुमान भी चालू वर्ष से ऊंचे स्तर पर होने के बावजूद अति आशावादी नहीं नजर आता।

राजकोषीय प्रबंधन का सबसे अहम गुण यह है कि बिना सरकारी व्यय की गुणवत्ता से समझौता किए घाटे में कमी की जा रही है। वास्तव में पूंजीगत व्यय का आवंटन बढ़ रहा है। जैसा कि इस समाचार पत्र के विश्लेषकों ने पिछले सप्ताह दिखाया था, 2024-25 में केंद्र सरकार के कुल व्यय के हिस्से के रूप में पूंजीगत व्यय के 30 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। सरकार ने महामारी के बाद पूंजीगत व्यय में इजाफा किया है। चूंकि निजी क्षेत्र भारी अनिश्चितता के कारण व्यय करने का अनिच्छुक था इसलिए सरकार ने महामारी के बाद सुधार प्रक्रिया की मदद करके सही किया। वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच केंद्र सरकार का विशुद्ध पूंजीगत व्यय विशुद्ध संदर्भों में तीन गुना हो गया। कुछ चिंताएं थीं कि व्यवस्था शायद इतने बड़े पैमाने पर पूंजीगत व्यय की खपत न कर पाए क्योंकि क्षमता सीमित है लेकिन सरकार शायद ऐसी बाधाओं से निजात पा चुकी है। चालू वर्ष का संशोधित अनुमान बजट अनुमान से मामूली रूप से कम है।

अगले वित्त वर्ष के लिए जहां सरकार का कुल व्यय छह फीसदी से कुछ अधिक दर से बढ़ने का अनुमान है, वहीं पूंजीगत व्यय के 11 फीसदी की दर से बढ़कर 11.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच जाने का अनुमान है। इससे संकेत मिलता है कि सरकार राजस्व व्यय को सीमित करने पर ध्यान दे रही है ताकि पूंजीगत व्यय के लिए गुंजाइश बनाई जा सके। यह मानना उचित है कि नई सरकार लोकसभा चुनाव के बाद पेश किए जाने वाले बजट में घाटे और पूंजीगत व्यय को नियंत्रित रखने का प्रयास करेगी। अधोसंरचना की व्यापक कमी को देखते हुए भारत जैसे विकासशील देश में उच्च पूंजीगत व्यय की जरूरत की अनदेखी नहीं की जा सकती है। यह भी देखा गया है कि पूंजीगत व्यय का गुणक प्रभाव राजस्व व्यय से बहुत अधिक है। मौजूदा संदर्भ में विचार यह है कि जैसे-जैसे निजी क्षेत्र का भरोसा आर्थिक हालात में सुधार पर मजबूत होता जाएगा और वह क्षमता निर्माण में निवेश करने लगेगा, सरकार पीछे हटने लगेगी और अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने पर ध्यान देगी। कॉर्पोरेट और बैंकों के बही खाते बीते कुछ वर्षों में सुधरे हैं। हालांकि अभी यह देखना शेष है कि कॉर्पोरेट निवेश में सुधार के आरंभिक संकेत लंबी अवधि के दौरान बरकरार रहते हैं या नहीं। इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा अनुमान से कम उधारी भी व्यवस्था में नकदी की लागत कम करने में मदद करेगी।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# आंगनबाड़ियों को सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव

**मुंबई :** सरकार जहां राज्य में बुनियादी ढांचे पर अधिक जोर देने की कोशिश कर रही है, वहीं राज्य में अभी भी लगभग 36 हजार 978 आंगनबाड़ियां बिजली से वंचित हैं। इस संबंध में, राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन आंगनबाड़ियों को सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव बनाया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बताया कि एक सेट पर परिवहन लागत को छोड़कर करीब एक लाख 24 हजार 608 रुपये खर्च होंगे।

क्या है आंगनबाड़ियों की स्थिति: महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से राज्य में कुल 553 बाल विकास परियोजनाएं कार्यरत हैं. इन बाल विकास परियोजनाओं में से



449 परियोजनाएँ ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों में हैं, जबकि शेष 104 परियोजनाएँ शहरी क्षेत्रों में चल रही हैं। शहरी परियोजना क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ियों में विद्युत व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी है तथा प्रदेश में ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में कुल 94846 आंगनबाडी केन्द्र हैं। इनमें से 70 हजार 879 आंगनबाड़ियां सरकारी स्वामित्व वाली इमारतों में हैं। इन भवनों में से लगभग 36 हजार 978 आंगनबाडी केन्द्र अभी भी बिजली विहीन हैं। इसलिए, महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने इन आंगनवाड़ी केंद्रों को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से बिजली की आपूर्ति करने का प्रस्ताव सरकार को सौंपा था।

सौर ऊर्जा के लिए सरकार का रुख सकारात्मक : महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से भेजे गये इस प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाया है. तदनुसार, राज्य में आंगनवाड़ी केंद्रों पर कौन से सौर ऊर्जा सेट उपयोगी होंगे, इसके बारे में महाराष्ट्र ऊर्जा विकास संगठन यानी मेडा से जानकारी प्राप्त की गई है। मेडा द्वारा सिफारिश की गई है कि गैर-संचरण सौर संयंत्रों की स्थापना सहायक होगी। इसके अनुसार, आंगनबाड़ियों में एक किलोवाट प्रति सौर ऊर्जा क्षमता वाले सौर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। प्रति सौर ऊर्जा सेट की लागत 1 लाख 34 हजार 608 रुपये है। इसलिए प्रदेश की 36 हजार 778 आंगनबाड़ियों पर सौर ऊर्जा सेट लगाने के लिए करीब 460 करोड़ 77 लाख रुपये खर्च होंगे. मंत्री तटकरे ने विश्वास जताया है कि इस खर्च को भी जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है और राज्य की अंधेरी आंगनबाड़ियों को सौर ऊर्जा के माध्यम से रोशन किया जाएगा.

# AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी के कोर्ट पहुंचने पर महाराष्ट्र के मंत्री की प्रतिक्रिया...




**नई दिल्ली :** समन का पालन नहीं करने पर ईडी की ओर से आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पर महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा का बयान आया है. उनका कहना है कि अरविंद केजरीवाल अच्छी तरह जानते हैं कि उन्होंने क्या गलतियां की हैं, उनके करीबी लंबे समय से जेल में हैं और उन्हें जमानत नहीं मिल रही है. जांच से पता चला है कि इसमें उनका भी हाथ है. अब उन्हें ईडी के सामने पेश होना होगा या लोग जो सच समझें, वह भी इस (घोटाले) में शामिल हैं. बता दें कि सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शराब नीति मामले में ईडी कई समन जारी कर चुकी है. लेकिन, वे पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं हुए है. समन की अनुपालना करने पर ईडी ने अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में शिकायत दर्ज करवाई है. मामले को लेकर सुनवाई 7 फरवरी को होनी है. ईडी की तरफ से कोर्ट को कहा गया है कि सीएम केजरीवाल की तरफ से पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी समन का अनुपालन नहीं किया गया है.

सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ लोकसेवक के आदेश का पालन न करने पर आईपीसी की धारा 174 के तहत शिकायत दर्ज की गई है. कोर्ट को ईडी की तरफ से कहा गया है कि धारा 50 के तहत पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष केजरीवाल की मौजूदगी जरूरी है.

# कंपनी के अधिकारी धार्मिक भाई चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप

**मुंबई:** एक कर्मचारी ने कथित तौर पर एक बिजनेस मालिक से 2.59 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की. रिवॉर्ड मैनेजमेंट और कॉरपोरेट गिफ्टिंग बिजनेस के मालिक संदीप भट्ट (37) ने अपनी कंपनी के अधिकारी धार्मिकभाई चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, भट ने 2 अगस्त, 2021 को चौहान को व्यवसाय विकास और संचालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया था। चौहान ने भट को संचार के लिए भट के आधिकारिक ईमेल का उपयोग करके ग्राहकों तक सामान पहुंचाने की अनुमति देने के लिए राजी किया। चौहान ने निजी फायदे के लिए कॉरपोरेट ऑर्डर का इस्तेमाल किया.

प्रारंभ में, चौहान का प्रदर्शन संतोषजनक था, और उन्हें प्रतिष्ठित



कंपनियों से महत्वपूर्ण ऑर्डर मिले। हालाँकि, भट्ट को यह नहीं पता था कि चौहान इन कॉर्पोरेट आदेशों को गढ़ रहे थे और व्यक्तिगत लाभ के लिए धन का गबन कर रहे थे।चूंकि लंबित भुगतान राशि 2 करोड़ रुपये से अधिक हो गई, भट्ट ने भुगतान के लिए सीधे ग्राहकों से संपर्क करने का निर्णय लिया। अक्टूबर 2023 में, लंबित भुगतान के संबंध में एसबीआई इंश्योरेंस के एक ईमेल का जवाब देते समय, भट्ट को पता चला कि ईमेल नकली था, जिससे चौहान की गतिविधियों पर संदेह हुआ।

# अकोला में हथियार बरामदगी मामले में तीन लोग गिरफ्तार, बिश्नोई से संबंध रखने का आरोप

**अकोला :** महाराष्ट्र के अकोला जिले में दो पिस्तौल बरामद होने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनमें से एक आरोपी कथित तौर पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के संपर्क में था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 16 जनवरी को अकोट में एक कुएं से दो पिस्तौल और नौ कारतूस बरामद किये गए। विज्ञप्ति मे कहा गया है कि आरोपी प्रफुल्ल विनायक



चव्हाण (25) और अजय तुलाराम देठे (27) को 17 जनवरी को पकड़ा गया। उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जांच के दौरान पता चला कि पुणे के रहने वाले शुभम रमेश्वर लोनकर (25) ने एक अज्ञात व्यक्ति को चव्हाण को हथियार पहुंचाने का निर्देश दिया था। विज्ञप्ति के अनुसार लोनकर को 30 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। जांच में पता चला कि लोनकर ने 2022 और 2023 में दो बार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ कथित तौर पर व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल की थी, और उसे गैंगस्टर के भाई अनमोल बिश्नोई समेत तीन अंतरराष्ट्रीय नंबरों से व्हाट्सऐप पर ऑडियो कॉल आए थे।




# "गिरोहों के बीच लड़ाई" का नेतृत्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कर रहे हैं - उद्धव ठाकरे

**सावंतवाड़ी :** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में ''गिरोहों के बीच लड़ाई'' छिड़ गई है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समझना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई अन्य दलों को तोड़कर उनके नेताओं को इसमें शामिल करने के कारण ''कमजोर'' हो गई है.

उद्धव ठाकरे के पुत्र एवं शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में ''गिरोहों के बीच लड़ाई'' का नेतृत्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कर रहे हैं. उद्धव एवं आदित्य ठाकरे ने ऐसे समय में ये टिप्पणियां की हैं, जब दो दिन पहले ठाणे जिले में एक भूमि विवाद को लेकर भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शिवसेना (मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट) के स्थानीय नेता महेश गायकवाड़ को गोली मार दी थी. विधायक गणपत गायकवाड (56) को गिरफ्तार कर लिया गया है. शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड (40) की हालत गंभीर है.

पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के सावंतवाड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 1990 के दशक में पिछली शिवसेना-भाजपा सरकार ने मुंबई में 'अंडरवर्ल्ड' गिरोहों की कमर तोड़ दी थी.

उन्होंने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व



वाली सरकार के किसी सहयोगी का नाम लिए बिना कहा, ''लेकिन अब मौजूदा सरकार में गिरोहों के बीच युद्ध छिड़ गया है. तीसरा गिरोह 70,000 करोड़ रुपये के सिंचाई घोटाले में डूबा हुआ है और इसलिए उसके पास सिर उठाने का समय नहीं है.''

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को यह समझना चाहिए कि अन्य दलों को तोड़ने और उनके नेताओं को अपने पाले में लाने की प्रवृत्ति के कारण भाजपा की राज्य इकाई ''कमजोर'' हो गई है.

उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह किसी व्यक्ति विशेष के विरोधी नहीं हैं, बल्कि झूठ और तानाशाही के खिलाफ हैं. उन्होंने कहा कि देश को पूर्ण बहुमत वाली सरकार की नहीं, बल्कि विभिन्न विपक्षी दलों द्वारा गठित 'इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) के शासन की जरूरत है, जो सभी को साथ लेकर चलेगा.

उन्होंने कहा, ''अगर भाजपा (कुछ महीनों में होने वाले) लोकसभा चुनावों में फिर से जीतती है, तो अगले साल कोई गणतंत्र दिवस नहीं होगा.'' उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र के लगातार दौरे कर रहे हैं.

उन्होंने कहा, ''वह जब भी आते हैं, राज्य से कुछ न कुछ गुजरात ले जाते हैं. सिंधुदुर्ग में कोंकण तट पर नौसेना दिवस मनाया गया. प्रधानमंत्री यहां आए और फिर सुना कि मैंने मुख्यमंत्री रहते हुए जिस पनडुब्बी पर्यटन परियोजना को मंजूरी दी थी, उसे गुजरात स्थानांतरित किया जा रहा है.'' राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि परियोजना को स्थानांतरित करने की उसकी कोई योजना नहीं है.

आदित्य ठाकरे ने कहा, ''गणपत गायकवाड कथित तौर पर जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे थे, जिसका स्थानीय महिलाओं ने विरोध किया. उन्होंने इन महिलाओं का समर्थन कर रहे महेश गायकवाड पर गोली चलाई. गणपत गायकवाड ने खुद कहा है कि मुख्यमंत्री शिंदे ने उन्हें अपराधी बना दिया है.''

वर्ली से विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा, ''महाराष्ट्र में गिरोहों के बीच लड़ाई जारी है और मुख्यमंत्री शिंदे इसका नेतृत्व कर रहे हैं. शिंदे पर विश्वासघाती होने का ठप्पा लगा हुआ है.''

## काशी में भी बनेगा मराठी समाज का भवन, महाराष्ट्र सरकार करेगी सहयोग

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि काशी में भी मराठी समाज के लिए भवन का निर्माण होगा। इसमें महाराष्ट्र सरकार हरसंभव मदद करेगी। महाराष्ट्र के बाहर मराठी भाषा और संस्कृति को सुरक्षित रखना और संवर्धन करना सराहनीय है। मराठों का इतिहास गौरवशाली एवं वीरता से भरा हुआ है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी की शूरवीरता का उल्लेख करना इसका जीता जागता उदाहरण है।

वह शनिवार को श्री काशी महाराष्ट्र सेवा समिति की ओर से आयोजित बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 72वें अधिवेशन के दूसरे दिन महमूरगंज स्थित श्रृंगेरी शंकराचार्य मठ में देश भर से आए प्रतिनिधियों को संबोधित कर




रहे थे। केसरकर ने कहा कि आज महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार है और हमारी सरकार मराठी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मराठी साहित्य सम्मेलन हो या मराठी भाषा विभाग द्वारा आयोजित परीक्षा हो, महाराष्ट्र सरकार उसके लिए आर्थिक रूप से सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है।

पिछले साल से मुंबई में विश्व मराठी सम्मेलन की शुरूआत हुई जिसमें विश्व भर से आने वाले मराठी भाषी लोगों को अपनी बात कहने का एक प्लेटफार्म मिला। महाराष्ट्र के बाहर बहुत सारी मराठी भाषी संस्थाए हैं जिन्होंने मराठी भाषा एवं संस्कृति को जीवित रखा है। ऐसी मराठी भाषी संस्थाओं के संवर्धन के लिए महाराष्ट्र सरकार तत्परता से कार्य कर रही है। महाराष्ट्र के बाहर मराठी समाज का भवन बने इसके लिए महाराष्ट्र सरकार हर वर्ष अनुदान को राशि देती है। उन्होंने मराठी भाषा विभाग की ओर से बृहन्महाराष्ट्र मंडल को 25 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। कहा कि काशी में भी मराठी समाज के भवन के लिए सरकार हर संभव मदद करेगी। अधिवेशन के दौरान शनिवार की सुबह निवर्तमान जिला जज न्यायमूर्ति अजय कृष्ण विश्वेश की अध्यक्षता में विद्वत सत्कार समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मेयर अशोक तिवारी रहे।

## नानावटी मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने मेडिकल 3डी प्रिंटिंग प्रयोगशाला शुरू की...

**मुंबई :** ऑन्कोलॉजिकल, रिकंस्ट्रक्टिव ऑर्थोपेडिक और विशेष दंत चिकित्सा सर्जरी को सटीक परिशुद्धता के साथ करने के लिए, नानावटी मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने एक मेडिकल 3डी प्रिंटिंग प्रयोगशाला शुरू की है। आधुनिक सुविधा में दो 3डी प्रिंटर हैं जो जटिल शारीरिक रचना या विकृति विज्ञान की बेहतर समझ के लिए हड्डी के मॉडल तैयार करने में सक्षम हैं। इसके अतिरिक्त, यह हड्डी के कैंसर सर्जरी की सटीक योजना और निष्पादन में सहायता के लिए सर्जिकल कटिंग गाइड तैयार करता है। परियोजना का नेतृत्व करते हुए, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (ऑर्थोपेडिक) के निदेशक डॉ. मनीष अग्रवाल ने कहा, ''पहले, इन सेवाओं को आउटसोर्स करने में दो सप्ताह तक का समय लग



सकता था, लेकिन अब, हम 24 से 48 घंटों के भीतर अपनी सर्जिकल टीम के लिए इन आवश्यक उपकरणों को तैयार कर सकते हैं।'' कैंसर के इलाज में, जहां हर दिन मायने रखता है, इतनी तेजी से बदलाव से अत्यधिक लाभ मिलता है। इसके अतिरिक्त, ओपन-सोर्स सॉफ़्टवेयर और इन-हाउस संसाधनों का उपयोग इस उन्नत तकनीक को अत्यधिक किफायती बनाता है, जिससे रोगी की पहुंच और देखभाल में और वृद्धि होती है, उन्होंने कहा।

3डी बोन मॉडल का वर्चुअल डिजाइन सीटी स्कैन का उपयोग करके बनाया गया है। फिर इन मॉडलों का उपयोग 3डी प्रिंटर द्वारा अद्वितीय सटीकता के साथ मॉडल और सर्जिकल कटिंग गाइड बनाने के लिए किया जाता है। जबकि हड्डी के मॉडल का उपयोग सर्जिकल योजना में किया जाता है, कटिंग गाइड रोगी की हड्डी पर पूरी तरह से फिट होते हैं, जो सर्जनों को सटीक छांटने के लिए मार्गदर्शन करते हैं। यह तकनीक स्वस्थ हड्डी के ऊतकों को संरक्षित करने और उपचार के परिणामों से समझौता किए बिना इष्टतम कार्यात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए ट्यूमर से प्रभावित क्षेत्रों के सटीक चित्रण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाती है।

## लैक्मे इंडिया एकेडमी की मुलुंड शाखा की कर्मचारी महिला के खिलाफ 5.69 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**मुंबई:** मुलुंड पुलिस ने हाल ही में लैक्मे इंडिया एकेडमी की मुलुंड शाखा की एक कर्मचारी महिला के खिलाफ कंपनी से 5.69 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। शिकायत के बाद लैक्मे इंडिया अकादमी की बिजनेस हेड सीता सुजाता नायर ने पुलिस से संपर्क किया और आरोप लगाया कि उनके कर्मचारी लावण्या कौल ने अकादमी में शामिल होने के इच्छुक 14 छात्रों से




पैसे लिए और उन्हें फर्जी पाठ्यक्रम देने का वादा किया। पुलिस को दिए गए नायर के बयान के अनुसार, कौल को सितंबर 2023 में एक वरिष्ठ परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया था। उनका काम उन छात्रों के साथ बातचीत करना था जो लैक्मे अकादमी के पाठ्यक्रमों में दाखिला लेना चाहते थे, उन्हें फीस के बारे में जानकारी देना और यदि वे फीस का भुगतान करने के लिए ऋण के लिए आवेदन करना चाहते थे तो उनकी मदद करना था। अक्टूबर 2023 में, 'एडवांस कॉस्मोलॉजी' पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले एक छात्र दीपेश झा ने नायर को कौल के गबन के बारे में सूचित किया। नायर ने झा और उनकी शाखा के खाता व्यवस्थापक को शाखा में एक बैठक के लिए बुलाया।

## भारतीय सेना की नई काम्बैट नकली वर्दी के निर्माण और बिक्री में शामिल दिल्ली स्थित एक गिरोह का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र पुलिस और सैन्य खुफिया विभाग ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को खुले बाजार में भारतीय सेना की नई काम्बैट नकली वर्दी के निर्माण और बिक्री में शामिल दिल्ली स्थित एक गिरोह का पर्दाफाश किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गिरोह का सरगना दिल्ली और राजस्थान से जुड़ा हुआ है।

दक्षिणी कमान, सैन्य खुफिया, पुणे द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर शुक्रवार को अहमदनगर में भिंगार पुलिस ने आनंद नगर, नासिक के निवासी सुरेश खत्री को गिरफ्तार किया, जिसके अहमदनगर कैंट परिसर से नए पैटर्न की 40 नकली काम्बैट यूनिफार्म पाई गईं। जांच में यह भी सामने आया कि लड़ाकू पैटर्न की वर्दी की अवैध बिक्री का बड़ा रैकेट खुले बाजार में चलाया जा रहा है। आरोपित ने रैकेट में शामिल दिल्ली और राजस्थान से भी कुछ लोगों के नामों का पदार्फाश किया है।



# पिछड़े वर्ग को समझना चाहिए और भुजबल का साथ नहीं देना चाहिए - जरांगे



**जालना :** मराठा सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छगन भुजबल पर आरोप लगाया है कि वे मराठा आरक्षण को लेकर जो बयानबाजी कर रहे हैं, उससे डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। छगन भुजबल ने आरोप लगाया है कि सरकार मराठाओं को आरक्षण देने के लिए ओबीसी आरक्षण में पिछले दरवाजे से एंट्री करा रही है। भुजबल, अजित पवार की एनसीपी का हिस्सा हैं। भुजबल ने ये भी आरोप लगाया है कि मराठाओं को आरक्षण के लिए जो डाटा इकट्ठा किया गया है, उसमें भी काफी खामियां हैं।

जालना के अंतरवाली सराती गांव में मीडिया से बात करते हुए जरांगे ने कहा 'वे (भुजबल) कुछ नहीं समझते। ये कानून है, एक सरकार है और पढ़े-लिखे लोगों की समिति इस पर काम कर रही है, लेकिन भुजबल अपनी ही सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। वह डिप्टी सीएम फडणवीस और अजित पवार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।' जरांगे ने कहा 'मुझे लगता है कि भुजबल चाहते हैं कि लोग भूख से मर जाएं फिर चाहे वो मराठा हों या फिर किसी अन्य जाति के। पिछड़े वर्ग को समझना चाहिए और भुजबल का साथ नहीं देना चाहिए।' जरांगे ने दावा किया 'भुजबल जिस पार्टी में रहते हैं, उसे ही नुकसान पहुंचाते हैं। अगर वे इस्तीफा देना चाहते हैं तो दे दें, लेकिन मराठा आरक्षण के खिलाफ न बोलें।'

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने शनिवार को खुलासा किया कि उन्होंने पिछले साल 16 नवंबर को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। भुजबल ने कहा कि वह दो महीने से अधिक समय तक चुप रहे, क्योंकि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने उन्हें इस बारे में नहीं बोलने के लिए कहा था। अब डिप्टी सीएम फडणवीस ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री इस पर स्पष्टीकरण दे पाएंगे, लेकिन मैं अभी केवल इतना ही कह सकता हूं कि भुजबल का इस्तीफा मैंने या मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किया है।' संजय राउत ने भुजबल के इस्तीफे की बात को बकवास करार दिया है। शनिवार को अहमदनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा 'ऐसा कहा जा रहा है कि भुजबल की बयानबाजी के पीछे देवेंद्र फडणवीस हैं ताकि आरक्षण आंदोलन को हैंडल किया जा सके।' राउत ने दावा किया कि 'दोनों मिले हुए हैं।' संजय राउत ने कहा कि 'वे जानना चाहते हैं कि छगन भुजबल ने अगर इस्तीफा दिया है तो उनका इस्तीफा सीएम शिंदे ने स्वीकार किया है या फडणवीस ने।'

# अजित पवार ने शरद पवार पर कसा तंज



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए अपने समर्थकों से रविवार को कहा कि ''वे उनकी बात उसी तरह सुनें जैसे वे पहले एक वरिष्ठ की सुनते थे। अजित पवार ने पिछले साल जुलाई में राकांपा को तोड़ दिया था और आठ विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे। अजित पवार ने तब से अपने विद्रोह को लगातार यह कहते हुए उचित ठहराया है कि वरिष्ठों को अगली पीढ़ी को रास्ता देना चाहिए था। अजित पवार का यह इशारा परोक्ष रूप से शरद पवार की ओर था।

उपमुख्यमंत्री पवार ने पुणे जिले के बारामती में एक जनसभा में कहा, आपने इतने सालों तक एक वरिष्ठ की बात सुनी। अब मेरी बात सुनें और जिस लोकसभा उम्मीदवार को मैं खड़ा करने जा रहा हूं उसे वोट दें। मैं फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बता सकता हूं कि लोगों ने मेरे उम्मीदवार को वोट दिया है। यह मत भूलिये कि जब आप मुसीबत में थे तो मदद के लिए कौन आया था।

बारामती से विधायक अजित पवार ने यह भी कहा कि यदि आप अच्छा काम करना चाहते हैं, तो आपको इसके लिए कुछ आलोचना स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए। नाम लिये बिना शरद पवार पर निशाना साधते हुए उप मुख्यमंत्री पवार ने कहा, पता नहीं कुछ लोग कब रुकेंगे। हो सकता है कोई भावुक अपील हो कि ये आखिरी चुनाव होगा। पता नहीं कौन सा आखिरी चुनाव होगा। शरद पवार 1960 के दशक के उत्तरार्ध से विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अपराजित रहे हैं और वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं।

**शरद पवार गुट ने किया पलटवार**

वहीं, शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र अव्हाड ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री ने अपनी टिप्पणी से सारी हदें पार कर दीं हैं। उन्होंने कहा, ''अजित पवार को अपने अमानवीय बयान पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कथित तौर पर शरद पवार की मौत के लिए दुआ की है। महाराष्ट्र को पता है कि अजित पवार किस तरह के व्यक्ति हैं।'' अव्हाड ने कहा कि महाराष्ट्र के लिए शरद पवार का योगदान हमेशा बना रहेगा। शरद पवार 1960 के दशक से ऐसे नेता हैं, जिन्हें विधानसभा और लोकसभा चुनावों में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। वह अभी राज्यसभा सदस्य हैं। उप मुख्यमंत्री ने सभा में अपने गुट की आगामी लोकसभा चुनाव की योजना के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, आपने इतने वर्षों तक एक वरिष्ठ (शरद पवार) की बात सुनी। अब मेरी बात सुनिए और उन लोकसभा उम्मीदवार को वोट दीजिए, जिन्हें मैं मैदान में उतारने जा रहा हूं। (जब आप वोट देंगे) तो मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कह सकता हूं कि लोगों ने मेरे उम्मीदवार को वोट दिया है। यह मत भूलिए कि जब आप मुसीबत में थे, तो कौन मदद के लिए आया था। बारामती विधायक ने सभा में यह भी कहा कि अगर आप अच्छा काम करना चाहते हैं, तो आपको कुछ आलोचना भी स्वीकार करनी चाहिए।

# दो महिलाओं सहित चार लोगों पर फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्र बनाने पर मामला दर्ज...




**मुंबई :** दो महिलाओं सहित चार लोगों पर कथित तौर पर एक मेडिकल प्रमाणपत्र बनाने और पड़ोसियों के खिलाफ झूठा पुलिस मामला दर्ज करने के लिए इसका इस्तेमाल करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। जबकि दो आरोपियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, महिलाओं का नाम 33 वर्षीय महमूदा शेख और उसकी रिश्तेदार सुल्ताना खातून है। विशेष रूप से, आरोपी ने शताब्दी अस्पताल में काम करने वाले एक डॉक्टर के जाली हस्ताक्षर किए, जिसके कर्मचारी को हाल ही में इसी तरह के मामले में गिरफ्तार किया गया था। मालवणी पुलिस के अनुसार, शेख ने नवंबर 2023 में खातून की ओर से भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला पर हमला) के तहत मामला दर्ज करने के लिए नकली प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किया। मानक प्रक्रिया के अनुसार, पुलिस ने क्रॉस-सत्यापन के लिए अस्पताल का दौरा किया। इस साल जनवरी में डॉ. अमेय थवारे के हस्ताक्षर वाला दस्तावेज। अपराध आखिरकार तब सामने आया जब डॉ. थावरे ने प्रमाणपत्र पर अपने हस्ताक्षर देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। उसने पुलिस को बताया कि उसने खातून की कभी जांच नहीं की। आगे की जांच से पता चला कि दोनों ने खातून की मामूली चोट को गंभीर घाव के रूप में चित्रित करने के लिए अपने अज्ञात साथियों के साथ साजिश रची। हाल ही में, कांदिवली पुलिस ने सोसायटी के कुछ सदस्यों को फंसाने के लिए एक बिल्डर के लिए काम करने वाले चौकीदार की उंगली तोड़ने के आरोप में एक अस्पताल कर्मचारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनके साथ डेवलपर का विवाद था।

# 'बर्खास्तगी की कोई जरूरत नहीं, मैंने अपना इस्तीफा दे दिया है; मैं अंत तक ओबीसी के लिए लड़ूंगा' - भुजबल



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने राज्य सरकार पर ओबीसी कोटा में मराठा समुदाय को पिछले दरवाजे से प्रवेश की सुविधा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने शनिवार को खुलासा किया कि वह पिछले नवंबर में राज्य मंत्रिमंडल से अपना इस्तीफा भी दे चुके हैं। बता दें भुजबल एनसीपी के अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट में शामिल हैं। साथ ही महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी हैं।

अहमदनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए भुजबल ने दोहराया कि वह मराठों को आरक्षण मिलने के विरोध में नहीं हैं, लेकिन मौजूदा ओबीसी कोटा साझा करने के खिलाफ हैं। भुजबल ने आगे कहा, 'विपक्ष के कई नेता, यहां तक कि मेरी सरकार के नेता भी कहते हैं कि मुझे इस्तीफा दे देना चाहिए। किसी ने कहा कि भुजबल को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं विपक्ष की सरकार और अपनी पार्टी के नेताओं को बताना चाहता हूं कि 17 नवंबर को अंबाद में आयोजित ओबीसी एल्गार रैली से पहले, मैंने 16 नवंबर को कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया और फिर उस कार्यक्रम में शामिल होने गया।'

छगन भुजबल ने बताया कि वह दो महीने से ज्यादा वक्त तक चुप रहे क्योंकि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने उन्हें इस बारे में नहीं बोलने के लिए कहा था। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'बर्खास्तगी की कोई जरूरत नहीं है। मैंने अपना इस्तीफा दे दिया है। मैं अंत तक ओबीसी के लिए लड़ूंगा।'

# पालघर जिले में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, हत्या का मामला दर्ज



मुंबई।महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है जिसके शरीर पर चोट के निशान हैं। पुलिस को संदेह है कि यह हत्या का मामला है। संवाददाता के अनुसार मोखाडा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार दोपहर को एक राहगीर ने मोखाडा-कसारा रोड पर वैतरना पुल के नीचे शव देखा और पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। व्यक्ति की उम्र 30 से 35 साल के बीच थी। अधिकारी ने कहा कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (अपराध के सबूतों को गायब करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com